# HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक 06.11.2023

## जनपद हमीरपुर::उत्तर प्रदेश में आइजीआरएस रैंकिंग में लगातार चौथी बार हमीरपुर को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान:-

*(प्रदेश स्तर पर जारी रैकिंग में हमीरपुर को 115/115 अंक प्राप्त)*

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली" (जनसुनवाई) की माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर-2023 आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यों के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को लगातार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर एक बार फिर उत्तर प्रदेश में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । जनपद के 14 में से 12 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आईजीआरएस सेल में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर सुनैना, कां० संजीव व कां0 अंकित पाण्डेय शिकायत कर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्रवाई भी की गई । पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किल वार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी । सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस टीम व राजस्व टीम के संयुक्त प्रयास से भूमि सम्बन्धी विवादों को समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करवाया गया ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साह वर्धन किया गया।

